**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

**प्रेस विज्ञप्ति**
दिनांक 13.09.2024

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 13.09.2024 को टेन्डर पॉम चिकित्सालय लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टेण्डर पॉम हॉस्पिटल के डॉक्टर अंकिता मनि (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सिद्धार्थ तिवारी (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सिद्धार्थ साह नन्दी (हृदय रोग विशेषज्ञ) एवं डॉक्टर त्रिनैनी बरूआ (एम डी मेडिसिन) के द्वारा चिकित्सालय में आये 240 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सम्पूर्ण शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए जीवनशैली में बदलाव पर भी सुझाव दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पहली बार कुछ विशेष जाँचो का समावेश किया गया जैसे बोन मिनरल डेनस्टी टेस्ट (बीएमडी), पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) एवं थायरॉयड फ्रोफाइल एवं ब्लड टेस्ट, ईसीजी। इसमें बोन मिनरल डेनस्टी टेस्ट (बीएमडी) के 50 टेस्ट, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) के 10 टेस्ट एव थायरॉयड फ्रोफाइल एवं ब्लड टेस्ट के 45 टेस्ट किये गये।

प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल स्वास्थ्य परीक्षण करना नही, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कराना एवं सजग बनाना है। जैन ने शिविर में आये चिकित्सकों को भेट स्वरूप पौधा देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

आरेडिका रायबरेली के कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन इस स्वास्थ्य शिविर परीक्षण में शामिल हुये।

13.9.2024

(आर.एन.तिवारी )
**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी**